# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (19.01.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE : 19.01.2025, PAGE-06



काठमांडू जाने वाली विवि की मेंस क्रिकेट टीम वीसी डॉ. डीसी राय के साथ।

### विवि क्रिकेट टीम आज जाएगी काठमांडू

मुजफ्फरपुर। विवि की मेंस क्रिकेट टीम का तिरहुत फिजिकल कॉलेज में चल रहा कैंप शनिवार को संपन्न हो गया। टीम रविवार को काठमांडू के लिए रवाना होगी। 20 जनवरी से काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी में होने वाले इंटरनेशनल मेंस टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम भाग लेगी। वीसी डॉ. दिनेश चन्द्र राय, डॉ. कांतेश कुमार, डॉ. संजय सिन्हा आदि ने टीम को शुभकामना दी है।

### जांच कमेटी के बाद भी कॉलेज पर कार्रवाई नहीं

मुजफ्फरपुर। एक निजी बीएड कॉलेज पर जांच कमेटी बनने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के विरोध में शनिवार को कई छात्र नेता रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा से मिले। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि जांच रिपोर्ट 15 दिनों में दे दी जायेगी, लेकिन रिपोर्ट अबतक नहीं आई है। छात्र नेता ओमप्रकाश ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा शपथ पत्र की मांग की जा रही है।

### नैक मूल्यांकन नहीं कराया तो छिन जायेगी मान्यता

मुजफ्फरपुर। यूजीसी ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर कहा है कि जिन कॉलेजों का नैक मूल्यांकन नहीं हुआ है, वह वर्ष 2027 तक अपना मूल्यांकन करा लें। मूल्यांकन नहीं कराने पर यूजीसी से इन कॉलेजों की मान्यता समाप्त हो जायेगी। बीआरएबीयू में कई बड़े कॉलेजों का नैक मूल्यांकन होना है। विवि के भी नैक मूल्यांकन की तैयारी चल रही है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 19.01.2025, PAGE-06**


## पैट के रिजल्ट के लिए रोस्टर समिति की बैठक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट-2022 के अंतिम रिजल्ट प्रकाशन में हो रही देरी के बीच शनिवार को रोस्टर समिति के सदस्यों ने बैठक की। इसमें रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा समेत अन्य सदस्य शामिल हुए। सदस्यों ने पीजी में विषयवार रिक्ति के आधार पर आरक्षण रोस्टर के अनुसार रिजल्ट जारी करने को लेकर निर्धारित अधिनियमों पर चर्चा की। बताया जा रहा है कि मंगलवार को एक बार फिर समिति बैठेगी। रोस्टर के अनुसार सीटों को तय करने के बाद समिति इसे अंतिम रिजल्ट प्रकाशन समिति को भेज देगी। ऐसे में सबकुछ ठीक रहा तो अगले सप्ताह में पैट-2022 का फाइनल रिजल्ट जारी किया जा सकता है।

## पीजी नामांकन में नहीं होगा आनस्पाट का विकल्प

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में विद्यार्थियों को आनस्पाट नामांकन से वंचित होना पड़ सकता है। बहुत संभावना है कि विश्वविद्यालय स्तर से इस पर रोक लगाई जाए। वैसे आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद नामांकन समिति की बैठक बुलाकर इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राओं को आवेदनों को एडिट करने का मौका नहीं मिलेगा। शनिवार शाम तक करीब 13 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। वहीं सोमवार तक आवेदन की आखिरी तिथि निर्धारित है। विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को तिथि विस्तारित संबंधी अधिसूचना जारी हो सकती है।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE;19.01.2025, PAGE-04**

## लॉ का परिणाम तैयार आज होगा जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पिछले वर्ष हुई लॉ और प्री लॉ के सभी सत्र की परीक्षा का परिणाम तैयार कर लिया है. रविवार को परिणाम वेबसाइट पर दिखने लगेगा. छात्र-छात्राएं रोल नंबर, कॉलेज का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से परिणाम देख सकते हैं. इस परीक्षा में 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. बता दें कि एलएलबी तृतीय वर्ष के स्टूडेंट्स शीघ्र परिणाम जारी करने की मांग कर रहे थे. ऐसे में विवि ने परिणाम को वेबसाइट पर अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी. बताया गया कि रविवार को परिणाम वेबसाइट पर दिखने लगेगा.

## पैट रिजल्ट जारी करने के लिए हुई बैठक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में पैट 2022 का फाइनल परिणाम जारी करने को लेकर रोस्टर समिति की बैठक हुई. कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में हुई बैठक में विषयवार रिक्ति के आधार पर आरक्षण रोस्टर के अनुसार परिणाम जारी करने पर विचार किया गया.

## बिहार विवि क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण समाप्त




**मुजफ्फरपुर.** काठमांडू में होने वाले अंतरराष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय जय नेपाल टी -20 क्रिकेट मेंस कप में भाग लेने वाले बीआरएबीयू क्रिकेट टीम का तिरहुत शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय परिसर में चल रहा प्रशिक्षण समाप्त हो गया. कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय, खेल परामर्शी संजय सिन्हा, क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ कांतेश, एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट के कुलसचिव डॉ एस शेखर, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार इस दौरान मौजूद थे. वीसी ने कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण नंदन सहाय व पूर्व अध्यक्ष स्मृति शेष रवि नंदन सहाय की कांस्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इंडोर स्टेडियम के साथ सभी खेल मैदानों को देखा. नेपाल जाने वाली टीम से परिचय लेकर उन्हें शुभकामना दी. मौके पर प्राचार्य डॉ शक्तिवान सिंह, प्रो दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ वीरेंद्र, रंजन, संजय, ऋतुराज, अजय, रवि आदि मौजूद रहे. मंच संचालन सहायक प्राध्यापक व कोच रंजन कुमार, अतिथियों का स्वागत प्रो दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव व डॉ वीरेंद्र व धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ शक्तिवान सिंह ने किया. यह जानकारी कॉलेज के सचिव मनीष कुमार ने दी.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 19.01.2025, PAGE-04**

# सोच-समझ कर भरें फॉर्म, नहीं है एडिट का विकल्प, कोटा के लिए दें आवेदन

**पीजी नामांकन**

## खास बातें

- 13 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने दाखिले के लिए पोर्टल पर किया ऑनलाइन आवेदन
- एनएसएस कोटा का विकल्प पोर्टल पर नहीं है, इसके लिए देना होगा अलग से आवेदन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. 20 जनवरी तक आवेदन का समय तय है. 18 जनवरी तक 13 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पोर्टल पर आवेदन दिया है.

विवि ने बताया कि विद्यार्थियों के पास दो दिनों का ही समय है. ऐसे में वे शीघ्र आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर लें. इसबार आवेदन के लिए तिथि आगे नहीं बढ़ेगी. एडिट का भी विकल्प नहीं मिलेगा. इधर, पोर्टल पर एनएसएस कोटा का विकल्प नहीं मिलने पर डीएसडब्ल्यू से इसकी शिकायत की गयी. निर्णय हुआ कि एनएसएस कोटा का विकल्प पोर्टल पर नहीं है.

ऐसे में इस कोटे के लिए दावेदारी करने वाले डीएसडब्ल्यू कार्यालय में एनएसएस से जुड़े प्रमाणपत्र के साथ आवेदन की प्रति लगाकर जमा करें.नामांकन के समय इसपर निर्णय लेंगे. आवेदन में यदि कोई माइनर सुधार कराना हो तो इसके लिए भी ऑफलाइन मोड में आवेदन दें.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन कर लें.

## कॉलेजों ने नहीं भेजी लॉ के नामांकन की रिपोर्ट

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में नामांकन की अंतिम तिथि बीते 9 दिन हो चुके हैं, लेकिन अबतक सभी कॉलेजों ने कोटिवार नामांकन की रिपोर्ट नहीं भेजी है. इससे दूसरी सूची जारी करने में देरी हो रही है. दूसरी सूची जारी करने से पहले कॉलेजों की ओर से भेजी रिपोर्ट की समीक्षा की गयी. इस दौरान पाया गया कि कॉलेजों ने सिर्फ कुल नामांकन भेज दिया है. दो-तीन कॉलेजों ने तो कुल नामांकित छात्रों की संख्या भी उपलब्ध नहीं कराया है.ऐसे में किस कोटि की सीट पर कितना नामांकन लिया गया है. इसकी रिपोर्ट कॉलेजों से मांगी गयी है. कॉलेजों को इसके लिए 21 जनवरी तक का समय दिया गया है. बता दें कि 852 स्टूडेंट्स का नाम पहली मेधा सूची में जारी किया गया था.

## 11 हजार सीटों पर होंगे दाखिले

पीजी में नामांकन के लिए विभिन्न विभागों व कॉलेजों को मिलाकर 11 हजार से अधिक सीटें निर्धारित है. इसबार 13 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं. डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि मेधा सूची जारी करने से पूर्व नामांकन समिति की बैठक कर ऑनस्पॉट नामांकन होगा या नहीं, इसपर स्थिति स्पष्ट कर दी जायेगी. साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने पर भी तिथियों को लेकर स्वीकृति लेंगे.